बरेली, शनिवार
26 अगस्त, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 MIDDLE

एसआरएमएस को लखनऊ में मिला सम्मान

आयुष्मान भारत– जन आरोग्य योजना मे सर्वाधिक योगदान देकर मरीजो का इलाज करने के लिए लखनऊ मे सरकार की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक मेडिकल कालेज संस्थानो की निदेशक अंबिका मूर्ति को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ● सौ. एसआरएमएस

बरेली: आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पांच वर्ष होने पर शुक्रवार को लखनऊ में सम्मान समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने की। उन्होंने इस योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 स्वास्थ्य संस्थानों को सम्मानित किया।

इसमें बरेली स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एसआरएमएस आइएमएस) भी शामिल था। एसआरएमएस की ओर से लखनऊ स्थित संस्थानों की डायरेक्टर अंबिका मूर्ति ने लिया। अंबिका ने कहा कि प्रदेश से 10 स्वास्थ्य संस्थानों में एसआरएमएस मेडिकल कालेज को चुना जाना सम्मान की बात है। कार्यक्रम में नेशनल हेल्थ मिशन की मिशन डायरेक्टर डा. पिंकी जोएल, नेशनल हेल्थ अथारिटी के डायरेक्टर किरण गोपाल आदि मौजूद रहे। वि.